स्वतंत्रता दिवस पर संदेश

आजादी की 78वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर मैं महाविद्यालय प्राचार्या डा. ज्योति यादव अपने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों विशेषकर इस प्रांगण में विद्या ग्रहण कर रही प्यारी बेटियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देती हूं।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर आइए हम सबसे पहले शहीदों, स्वतन्त्रता सेनानियों एवं सीमा पर तैनात वीर जवानों को याद करते हुए उन्हें नमन करते हैं कि उनकी बदौलत हम सब आज खुली हवा में सांस ले रहे हैं।

इस आज़ादी के लिए असंख्य वीरों व देशभक्तों में असहनीय यातनाएँ व कष्ट सहे, बलिदान दिए, तब जाकर हमें यह अमूल्य आज़ादी मिली। आज मैं सभी ज्ञात-अज्ञात शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन करती हूं। देश की एकता और अखंडता को कायम रखने के लिए बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को सलाम करती हूं। मुझे आज महाविद्यालय प्रांगण में आप सबके बीच स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर ध्वजारोहण करते हुए अपार खुशी और गर्व की अनुभूति हो रही है।

आइए हम सब मिलकर देश की उन्नति के लिए एकजुट होकर काम करें। इसकी शुरुआत हम अपने महाविद्यालय प्रांगण से कर सकते हैं। हम सब भिन्नताओं को नकारते हुए हमारी सांस्कृतिक विरासत, हमारे मूल्यों और हमारे आदर्शों को संजोकर, अपने विचारों और कर्मों में सच्चाई और निष्ठा को अपनाकर, एकजुट होकर, प्रगति एवं विकास के लिए कार्य कर सकते हैं। और इस प्रकार समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। यही सही मायने में सच्ची देशभक्ति होगी।

अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की छाया में खड़े हुए, राष्ट्रहित के लिए , मैं आप सबसे और विशेषकर बेटियों से आग्रह करती हूं और स्वयं भी संकल्प लेती हूँ कि मैं अपने हितों में राष्ट्रहित को हमेशा सर्वोपरि रखूंगी।

Nation First Always First

जय हिन्द।